मंगल ग्रह का लाल रंग

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया]

अनेक अंतरिक्ष मिशनों और जमीनी स्तर के अवलोकनों से प्राप्त आँकड़ों पर आधारित अध्ययन से अभिज्ञात हुआ है कि **मंगल ग्रह का लाल रंग मुख्य रूप से फेरीहाइड्राइट - जो कि जल से बना लौह ऑक्साइड है - के कारण है, न कि पहले से मान्य हेमेटाइट के कारण है।**

- **फेरीहाइड्राइट शीतल, जल-समृद्ध परिस्थितियों** में बनता है, जबकि **हेमेटाइट शुष्क, गरम परिस्थितियों** में बनता है।
  - इससे अभिज्ञात होता है कि **मंगल ग्रह पर कभी तरल अवस्था में जल था,** जो संभवतः जीवन के लिये अनुकूल था। इसके अतिरिक्त, **अध्ययन से पता चला कि हाइड्रोजन लौह-समृद्ध खनिजों से आबद्ध है,** जो मंगल ग्रह पर तरल जल के साथ अतीत की अंतःक्रियाओं का संकेत देता है।

मंगल: मंगल **सूर्य से दूरी के क्रम में चौथा ग्रह** है और **बुध के बाद सौरमंडल में दूसरा सबसे छोटा ग्रह** है।

- **पृथ्वी के आकार** का लगभग आधा, इसमें **ओलंपस मोन्स (सबसे बड़ा ज्वालामुखी)** है, और इसके दो चंद्रमा (फोबोस और डीमोस) हैं।
- मंगल ग्रह **हर 24.6 घंटे में एक चक्कर पूरा करता है** , जिससे इसका दिन **पृथ्वी के दिन (23.9 घंटे) के लगभग बराबर** लंबा होता है। मंगल ग्रह के दिनों को **सोल (Sols)** कहा जाता है।
  - मंगल ग्रह पर एक वर्ष **669.6 सोल** का होता है, जो **पृथ्वी के 687 दिनों के बराबर** है।
- इसकी धुरी अपनी कक्षा के सापेक्ष **25 डिग्री** झुकी हुई है, जो **पृथ्वी के अक्षीय झुकाव 23.4 डिग्री** के समान है।
  - मंगल ग्रह पर भी **पृथ्वी के समान मौसम** आते हैं, लेकिन उनकी **अवधि लंबी** होती है।
- **महत्त्वपूर्ण मंगल मिशन:**
  - [नासा का मंगल मिशन], [भारत का MOM], [UAE का होप]
  - [तियानवेन-1: चीन का मंगल मिशन]



और पढ़ें: [NASA का मार्स सैंपल रटिर्न प्रोग्राम](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/red-color-of-mars